आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 20.07.2025 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होगा।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा– डबल इंजन सरकार में उत्तराखंड, पर्यटन से लेकर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और खाद्य प्रसंस्करण तक की गतिविधियों का नया केंद्र बन रहा है।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार चरम पर। 24 और 28 जुलाई को होगा मतदान।
- हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोनों राज्यों की सीमा से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा की।
- और.... मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के लिए राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

मानसून सत्र

केंद्र सरकार ने संसद के कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा करेगी। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार संसद में उठाई जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

सत्र से पहले विपक्षी इंडिया गुट के नेताओं की कल वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। बैठक के दौरान मॉनसून सत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दे उठाने पर दलों के बीच सहमति बनी।

एक्स

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की डबल इंजन सरकार में उत्तराखंड पर्यटन से लेकर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और खाद्य प्रसंस्करण तक की गतिविधियों का नया केंद्र बन रहा है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें राज्यों को सुशासन और विकास का केंद्र बनाकर निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए पसंदीदा राज्य बना रही हैं। राज्य की विकास यात्रा पर अपनी खुशी व्यक्त

करते हुए, श्री शाह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में उत्तराखंड में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की ग्राउंडिंग हुई है। इस अवसर पर उन्होंने रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में निवेशकों और युवा उद्यमियों के साथ संवाद किया।

पंचायत चुनाव प्रशिक्षण

अल्मोड़ा जिले में 24 और 28 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों और कार्मिकों को चार दिवसीय सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसएसजे विश्वविद्यालय परिसर और उदय शंकर नाट्य अकादमी में प्रतिदिन दो पालियों में 18 सौ कार्मिकों को व्यवहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर और केंद्र प्रशिक्षण प्रभारी विनोद कुमार राठौर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को चुनाव से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं, मतपत्रों की तैयारी, मतदान केंद्र की व्यवस्था, मतदान के नियम तथा दायित्व के बारे में भी बताया जा रहा है।

चुनाव प्रचार

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस, भाजपा, यूकेडी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने राज्य के ग्रामीण इलाकों में अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी घर–घर जाकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर रहे हैं। ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक के इस चुनाव में प्रत्येक मतदाता का विशेष महत्व है। अब प्रत्याशियों ने प्रवासी मतदाताओं से भी संपर्क साधना शुरू कर दिया है। मॉनसून काल में लागातर हो रही बारिश के बीच भी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करनें में जुटे हैं।

सीएम से मुलाकात

हरिद्वार सांसद और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने उत्तराखंड–उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े विकास के महत्त्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा की। इकबालपुर–नागल सिंचाई परियोजना पर चर्चा करते हुए श्री रावत ने परियोजना को लेकर पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि इसे केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के समक्ष शीघ्रता से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से दोनों राज्यों की सीमा पर बसे लगभग पांच लाख नागरिकों को सिंचाई, कृषि और जल आपूर्ति के क्षेत्र में प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने लिब्बरहेड़ी नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल की स्थिति पर भी मुख्यमंत्री योगी का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त होने से किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और इसके शीघ्र पुनर्निर्माण की आवश्यकता है।

कांवड़ यात्रा

इस वर्ष सावन माह की कांवड़ यात्रा पूरे आस्था और भक्तिमय माहौल के बीच प्रदेश में चल रही है। प्रतिदिन लाखों कांवड़िये हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ महादेव और गंगोत्री में गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं। शासन–प्रशासन ने इस वर्ष की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए सभी इंतजाम पहले से किए हैं। कांवड़ियों के लिए नए दिशा–निर्देश जारी करने के साथ ही यात्रा मार्गों और मेला क्षेत्र में

शौचालय, पेयजल, व विश्राम गृह की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कांवड़ियों के लिए भंडारे का प्रबंध किया है। इसके अलावा, कांवड़ क्षेत्रों के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है, ताकि आम जनता और कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी क्रम में कांवड़ यात्रा को देखते हुए देहरादून के नगर निगम क्षेत्र, हरिपुर, रायवाला, प्रतीतनगर, श्यामपुर और हाईवे पर स्थित सभी स्कूलों में 21, 22 और 23 जुलाई को अवकाश रहेगा। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से आदेश जारी कर दिए हैं।

बीते नौ दिनों में करीब ढाई करोड़ कांवड़ियों ने हरिद्वार से गंगा जल भर कर अपने गंतव्य स्थानों के लिए प्रस्थान किया है। शिवभक्तों के हुजूम से हरिद्वार पूरी तरह भक्तिमय  बना हुआ है। हरिद्वार में अब डाक कांवड़ियों की धूम शुरू हो गयी है। ऐसे में भारी वाहनों के प्रवेश पर बीती रात से ही प्रतिबंध लग चुका है। स्थाई बस अड्डा भी बंद कर दिया गया है। कांवड़ियों की रंग बिरंगी झांकियों से शहर में उत्सव का माहौल है।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के लिए राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस अवधि में देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और उधमसिंह नगर जिलों में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश की संभावना है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान है। शेष जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। विभाग ने 24 जुलाई तक राज्य में बारिश की चेतावनी जारी की है।

हमारी संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी जिला प्रशासनों से सतर्क रहने को कहा गया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश का यह सिलसिला आने वाले दिनों में भी जारी रह सकता है। भारी वर्षा और तेज हवाओं की चेतावनी को देखते हुए आम जनता से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है। साथ ही, राज्य आपदा परिचालन केंद्र ने सभी जिला प्रशासनों को अलर्ट रहने और किसी भी तरह की आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने को कहा है।

इस बीच, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए हैं। वहीं, चारधाम की ओर जाने वाले सभी मार्ग आवागमन के लिये सुचारू हैं और तीर्थयात्रा निर्बाध रूप से जारी है।

क्रिकेट मैच रद्द

इंडिया चैंपियन्स और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है।

सीमा पार आतंकवाद के कारण दोनों देशों के बीच जारी तनाव को देखते हुए निर्णय लिया गया।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट में 66वें अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है। दिल्ली के कनव तलवार और आरव गुप्ता तथा महाराष्ट्र के आदित्य मंगुड़ी ने स्वर्ण पदक जीते। कर्नाटक के एबेल जॉर्ज मैथ्यू और दिल्ली के आदिश जैन ने रजत पदक जीते। दिल्ली के अर्चित मानस को कांस्य पदक मिला। प्रतियोगिता में 69 महिला प्रतिभागियों सहित कुल 630 विद्यार्थियों ने भाग लिया।